आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 25.02.2026 समय : 18.30 पीएम

- राज्य कैबिनेट की मंजूरी के बाद अब दो से अधिक संतान वाले व्यक्ति भी पंचायत और नगरपालिका चुनाव लड़ सकेंगे।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के विकास के लिए नागरिकों की सेहत को महत्वपूर्ण बताया।
- राज्य सरकार प्रदेश से विलायती बबूल नष्ट करने के लिए विशेष अभियान चलाएगी।
- होलाष्टक की शुरुआत के साथ ही प्रदेश में फागोत्सव की धूम।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज जयपुर में राज्य मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में औद्योगिक विकास और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े कई बड़े निर्णय लिए गए हैं। मंत्रिमंडल ने राजस्थान पंचायती राज संशोधन विधेयक 2026 और राजस्थान नगरपालिका संशोधन विधेयक 2026 के प्रारूप को मंजूरी दे दी है। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि अब दो से अधिक संतान होने पर भी उम्मीदवार स्थानीय निकाय और पंचायत राज चुनाव लड़ने के योग्य माने जाएंगे। इसके साथ ही, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की पालना में कुष्ठ रोग के कारण चुनाव लड़ने की अयोग्यता को भी पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है।

--------------------

स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा निर्णय लेते हुए सरकार ने अजमेर में 'राजस्थान आयुर्वेद, योग तथा प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय' खोलने का फैसला किया है। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि जोधपुर के बाद यह प्रदेश का दूसरा आयुर्वेद विश्वविद्यालय होगा, जिससे शोध और मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा।

आर्थिक अपराधों पर लगाम कसने के लिए 'राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय' के गठन को मंजूरी दी गई है। इसका मुख्यालय जयपुर में होगा और यह पूरे राज्य में कार्य करेगा। यह निदेशालय रियल एस्टेट धोखाधड़ी, बैंक–बीमा ठगी और फर्जी दस्तावेजों से जुड़ी शिकायतों की प्रभावी जांच करेगा। औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए 'राजस्थान इंडस्ट्रियल पार्क प्रमोशन पॉलिसी 2026' का अनुमोदन किया गया। उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बताया कि निजी निवेशकों को औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। पार्क के लिए ढांचागत विकास पर 20 प्रतिशत तक की कैपिटल सब्सिडी दी जाएगी। श्री राठौड़ ने बताया कि मंत्रिमंडल ने जयपुर के बी–2 बायपास पर बनने वाले कन्वेंशन सेंटर 'मंडपम' के संशोधित मॉडल को भी स्वीकृति दी है।

--------------------

प्रशासनिक स्तर पर ग्राम विकास अधिकारियों के पदोन्नति के अवसर बढ़ाने के लिए वरिष्ठ ग्राम अधिकारी का नया पद सृजित किया जाएगा। साथ ही साढे 750 ग्राम विकास अधिकारियों के नये पद पर पदोन्नति की जाएगी।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि स्वस्थ नागरिक देश को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि औषधीय पौधों की खेती से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और मिट्टी की गुणवत्ता भी बढ़ती है। वे आज महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के शेगांव में राष्ट्रीय आरोग्य मेले के उद्घाटन के मौके पर बोल रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने श्रीमती मुर्मु ने कहा कि यह आरोग्य मेला आयुष के प्रति लोगों की जागरुकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण मंच है।

----------------

आयुष मंत्रालय ने अखिल भारतीय आयुर्वेदिक कांग्रेस के सहयोग से राष्ट्रीय आरोग्य मेले का आयोजन किया है। इस मेले के दौरान, आमजन को आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोव–रिग्पा और होम्योपैथी प्रणालियों से संबंधित मुफ्त परामर्श, स्वास्थ्य जांच और दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने कक्षा 8 की एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका के भीतर कथित भ्रष्टाचार के उल्लेख पर स्वतः संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की खंडपीठ ने इसे गंभीर चिंता का विषय बताया है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायालय का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा कि कक्षा 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जाना अत्यंत चिंताजनक है। इस पर टिप्पणी करते हुए न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि यह विषयवस्तु संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध प्रतीत होती है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बार एसोसिएशन और पीठ दोनों ही इस मुद्दे से विचलित हैं। खंडपीठ ने स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा कि किसी को भी न्यायपालिका की छवि धूमिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। गौरतलब है कि कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की नई पुस्तक में भ्रष्टाचार, लंबित मामलों और न्यायाधीशों की कमी को न्यायिक प्रणाली की चुनौतियों के रूप में दर्शाया गया है।

000

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि सरकार उर्वरकों की उपलब्धता बढा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार नकली कीटनाशकों की बिक्री पर अंकुश लगा रही है और किसानों को ऋण सुविधा देने के लिए जल्द ही किसान पहचान पत्र जारी करेगी। श्री सिंह ने ए.आई. संचालित बहुभाषी डिजिटल प्लेटफॉर्म भारत विस्तार के बारे में जानकारी दी।

---------------------

000

पंचायती राज और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि पूरे प्रदेश से विलायती बबूल को नष्ट करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। श्री दिलावर ने आज विधानसभा में विधायक लादूराम पितलिया द्वारा उठाए गए मुद्दे पर हस्तक्षेप करते हुए यह जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि विलायती बबूल रोजाना 30 लीटर पानी सोखता है, जिससे प्रदेश में पानी की कमी हो रही है और करीब 500 स्थानीय वनस्पतियां समाप्त होने के कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1960 में बीज गिराए जाने के बाद चारागाह भूमि पर इसका अतिक्रमण बढ़ गया है। श्री दिलावर ने बताया कि पंचायती राज विभाग इसे हटाने की कार्ययोजना पर विचार कर रहा है।

000

अजमेर की आनासागर झील से मलबा हटाने तथा डिसिल्टिंग का काम जल्द शुरू होगा। इसकी पूरी योजना बनाने के लिए संभागीय आयुक्त अजमेर सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक कर एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को देंगे। नगरी विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने आज विधानसभा में इस बारे में विधायक चंद्रभान सिंह चौहान की ओर से लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में यह बात कही। नगरीय विकास मंत्री ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार वहां से मलबा हटाने और डीसिल्टिंग का काम किया जाना है। इसके लिए सरकार बजट में भी प्रावधान कर चुकी है उन्होंने कहा कि इस काम के लिए जल्दी प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति जारी की जाएगी। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने भी सरकार को ये काम प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिये। इससे पहले, श्री चौहान ने कहा कि आनासागर झील में नीचे मिट्टी भर जाने से पिछले दो साल से बरसात के दिनों में झील का पानी सड़कों से आ गया और कई निचले इलाकों में पानी भर गया। उन्होंने कहा न्यायालय के निर्देश के बावजूद डिसिल्टिंग और मलबा हटाने काम पूरी तरीके से नहीं हो पाया है।

000

प्रदेश में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का प्रभावी रूप से लागू करने में सवाईमाधोपुर जिला पहले स्थान पर रहा है। पशुपालन विभाग के अनुसार, जिले में अब तक 15 हजार 800 से ज्यादा दुधारू और अन्य उपयोगी पशुओं का मुफ्त बीमा किया जा चुका है। इस पहल से 7 हजार 494 पशुपालकों को सीधे तौर पर आर्थिक सुरक्षा का लाभ मिला है।

000

होलाष्टक की शुरुआत के साथ ही प्रदेश में होली की सांस्कृतिक और धार्मिक रंगत दिखाई देने लगी है। पाली जिले के रूपावस, घेनड़ी, पिलोवनी, वणदार और रूगड़ी गांवों में चंग की थाप पर पारंपरिक गेर नृत्य के आयोजन शुरू हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोक गीतों के बीच उत्साह का माहौल है। वहीं, महिलाओं ने भी पारंपरिक 'लुम्बर' लेना शुरू कर दिया है।

उधर, भरतपुर सहित पूरे ब्रज क्षेत्र में फागोत्सव की धूम मची हुई है। मंदिरों में फाग के गीतों और अबीर–गुलाल की महक से वातावरण उत्सवमय हो गया है। भरतपुर के खाटूश्याम मंदिर में आज से पांच दिन फागोत्सव का शुरू हुआ। और ब्यौरा हमारे भरतपुर संवाददाता से।

000

44वीं रेंज स्तरीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता कल से पाली में शुरू होगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह देवड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता में जोधपुर रेंज की 12 टीमों के 500 खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें पुरुष और महिला वर्गों के लिए कबड्डी, फुटबॉल, कुश्ती और शूटिंग सहित विभिन्न खेल आयोजित होंगे।

000

प्रदेश में बाल विवाह की रोकथाम और जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। सवाईमाधोपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम–2006, पॉक्सो एक्ट और आशा योजना के प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में अधिकारियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल विवाह रोकने के लिए गठित इकाइयों और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। वहीं, नागौर में जिला कलेक्टर चम्पालाल जीनगर ने कलेक्ट्रेट परिसर से 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर नरेगा श्रमिकों, स्कूली विद्यार्थियों और युवाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेगा।

000